दिनांक 08.10.2020 स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

# मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत मुहैया कराई जाएगी चिकित्सा सुविधाएं, भिलाई निगम क्षेत्र में 10 अक्टूबर से शिविर होगी प्रारंभ

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम , भिलाई क्षेत्र में मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना की शुरूआत 10 अक्टूबर से किया जाएगा। इस योजना के तहत निगम क्षेत्र के नागरिकों को उनकी बस्ती , मोहल्ला, पारा में ही चिकित्सा की उन्नत सेवा मेडिकल मोबाइल यूनिट के माध्यम से मिलेगी। महापौर एवं भिलाईनगर विधायक श्री देवेन्द्र यादव ने कहा कि निवास के समीप सुविधा प्राप्त होने के कारण स्लम क्षेत्र के नागरिक इसका सहज ही लाभ प्राप्त कर पाएंगे। राज्य प्रवर्तित मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत आम नागरिकों का उनके मोहल्ले में ही जाकर ईलाज किया जाएगा। मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से भिलाई निगम क्षेत्र में 10 अक्टूबर से शिविर का शुरूआत किया जाएगा। निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने सभी जोन आयुक्तों को चलित चिकित्सा ईकाई के लिए शिविर स्थल में बिजली, पानी, साफ सफाई , टेबल कुर्सी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं! स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेन्द्र मिश्रा ने बताया कि योजना के तहत निगम क्षेत्र के वार्डों में क्रमशः शिविर लगाया जाएगा। चलित चिकित्सा ईकाई स्लम क्षेत्रों में पहुंचकर उस क्षेत्र के मरीजों की जांच कर दवाईयां उपलब्ध कराएगी। इसके अतिरिक्त पैथोलाॅजी की सुविधा भी मेडिकल मोबाइल यूनिट में उपलब्ध होगी। 10 अक्टूबर से शुरू होने वाले चलित चिकित्सा ईकाई के लिए वार्ड एवं तिथि वार विवरण भी बनाया जा चुका है जिसके अनुसार से शिविर का आयोजन होगा। शिविर दो पाली में आयोजित होगी सुबह 8 बजे से 12 बजे तक एवं दूसरी पाली में शाम 4 बजे से शाम 7 बजे तक। इन स्थलों में होंगे शिविर के आयोजन 10 अक्टूबर शनिवार को वार्ड 17 वृन्दानगर मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय एवं वार्ड 21 में गुरूद्वारा के पास सुन्दर नगर ! 11 अक्टूबर रविवार को वार्ड 01 जुनवानी, परियापारा के सतनाम मंच एवं वार्ड 36 में सामुदायिक भवन गौतम नगर! 12 अक्टूबर सोमवार को वार्ड 11 अम्बेडकर नगर के सांस्कृतिक भवन एवं वार्ड 20 केम्प - 01 पानी टंकी कार्यालय प्रगति नगर! 13 अक्टूबर मंगलवार को वार्ड 02 पंचमुखी हनुमान मंदिर के पीछे माॅडल टाउन एवं वार्ड 30 सड़क नं. 52, 53 सांई मंदिर प्रांगण बालाजी नगर! 14 अक्टूबर बुधवार को वार्ड 13 राजीवनगर निष्ठा महिला मंडल कार्यालय के पास एवं वार्ड 22 में महामाया मंदिर के पास ठेठवार पारा श्याम नगर! 15 अक्टूबर गुरूवार

को वार्ड 03 राधाकृष्ण मंदिर कोसानगर! 16 अक्टूबर शुक्रवार को वार्ड 31 के दुर्गा मंदिर के पास सांस्कृतिक मंच ! 17 अक्टूबर शनिवार को वार्ड 18 स्वास्थ्य सुविधा केन्द्र प्रेमनगर एवं वार्ड 24 में दुर्गापारा सांस्कृतिक भवन के पास गांधी चैक शारदा पारा! 18 अक्टूबर रविवार को वार्ड 04 संजय नगर पूर्व परमेश्वरी स्कूल के सामने सांस्कृतिक मंच एवं वार्ड 34 में गणेश मंच एकता नगर नेताजी सुभाष वार्ड! 19 अक्टूबर सोमवार को वार्ड 17 अर्जुननगर अटल आवास के पीछे स्थित सांस्कृतिक मंच एवं वार्ड 25 में यादव पारा सांस्कृतिक भवन संतोषी पारा! 20 अक्टूबर मंगलवार को वार्ड 04 संजय नगर पश्चिम कुम्हार पारा शीतला मंदिर प्रांगण एवं वार्ड 26 जागृति मंच शंकर नगर छावनी बस्ती! 21 अक्टूबर बुधवार को वार्ड 27 घासीदास नगर दुर्गा मंच एवं वार्ड 22 में सूर्या नगर पानी टंकी के पास श्याम नगर! 22 अक्टूबर गुरूवार को वार्ड 04 कृष्णानगर शासकीय स्कूल प्रांगण स्थित सांस्कृतिक मंच ! 23 अक्टूबर शुक्रवार को वार्ड 38 सिद्धार्थ स्कूल के पास सांस्कृतिक मंच राजेन्द्र प्रसाद नगर! 24 अक्टूबर शनिवार को वार्ड 27 घासीदास नगर, गणेश पंडाल फौजीनगर एवं वार्ड 23 में रविदास नगर सुलभ के पास मोची मोहल्ला आंगनबाड़ी ! 25 अक्टूबर रविवार को वार्ड 05 राजीव नगर सांस्कृतिक मंच एवं वार्ड 31 तिरंगा नगर कबीर मंदिर के पास !26 अक्टूबर सोमवार को वार्ड 16 कुरूद भाटापारा स्वास्थ्य सुविधा केन्द्र एवं वार्ड 24 में आशादीप कॉलोनी कुष्ठ बस्ती शारदा पारा! 27 अक्टूबर मंगलवार को वार्ड 05 दुर्गापारा प्रसाद बिल्डिंग के पास सांस्कृतिक मंच एवं वार्ड 35 में बाबा बालकनाथ मंदिर के पास सांस्कृतिक मंच न्यू खुर्सीपार! 28 अक्टूबर बुधवार को वार्ड 17 बाल गणेश मंच स्टील नगर एवं वार्ड 25 संतोषी पारा हुडको क्वाटर के पास सांस्कृतिक मंच! 29 अक्टूबर गुरूवार को वार्ड 06 गणेश मंच इंदिरा नगर! 30 अक्टूबर शुक्रवार को वार्ड 36 गौतम नगर सड़क एन.पी.आर. गणेश मंच! 31 अक्टूबर शुक्रवार को वार्ड 16 भाटापारा लीला मंच कुरूद बस्ती एवं वार्ड 23 में ताड़ी लाइन दलवीर भवन के पीछे हनुमान मंदिर के पास शिविर का आयोजन किया जाएगा!